TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 19 जुलाई

1. **बैंकों का राष्ट्रीयकरण–** भारत में वाणिज्यक बैंकों का राष्ट्रीयकरण सर्वप्रथम 19 जुलाई, 1969 ई. को हुआ था। जब 14 बड़े बैंक राष्ट्रीयकृत किये गये थे। जिस आर्डिनेंस के जरिये ऐसा किया गया वह 'बैंकिंग कम्पनीज आर्डिनेंस' कहलाया। बाद में इसी नाम से विधेयक भी पारित हुआ और कानून बन गया।
2. **जयंत विष्णु नार्लीकर का जन्म–** भारतीय भौतिकविद् वैज्ञानिक जयंत विष्णु नार्लीकर का जन्म 19 जुलाई, 1938 ई. को कोल्हापुर, महाराष्ट्र में हुआ था। उन्होंने विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए अंग्रेजी, हिन्दी और मराठी में अनेक पुस्तकें लिखी हैं। भौतिकी के क्षेत्र में हॉयल–नार्लीकर सिद्धान्त के प्रतिपादक हैं। भारत सरकार ने इन्हें पद्म विभूषण (2004), पद्म भूषण (1965) से भी सम्मानित किया है। इसके अलावा नार्लीकर को शांतिस्वरूप भट्नागर पुरस्कार (1979), इन्दिरा गांधी पुरस्कार (1990), कलिंग पुरस्कार (1996), स्मिथ पुरस्कार (1962) आदि से भी सम्मानित किया गया है।
3. **मंगल पांडे का जन्म–** मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई, 1827 ई. को नगवा, बलिया, उत्तर प्रदेश में हुआ था। वे भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने वर्ष 1857 में ईस्ट इंडिया कम्पनी में बगावत की थी। उन्होंने एनफील्ड राइफल के कारतूस को दाँतो से खींचने से मना कर दिया था। भारत की स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका को लेकर वर्ष 1984 में उनके सम्मान में एक डाक टिकट भी जारी किया गया था।
   - **संदर्भः** बच्चों को वर्ग आठ की इतिहास की पाठ्यपुस्तक के **अध्याय 6 'अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष'** से जोड़कर बतायें।
4. **विजय प्रतीक का इजाद–** 19 जुलाई, 1940 ई. को विंस्टन चर्चिल ने विजय के लिए (V) चिन्ह यानी दो अँगुली का इस्तेमाल किया।

**"आप तब तक लड़ना मत छोड़ो जब तक कि आप अपनी तय की हुई जगह पर ना पहुंच जाओ। यही एक बात है जो आपको विशेष बनाती है दृ जिंदगी में एक लक्ष्य बनाओ, लगातार ज्ञान प्राप्त करो, कड़ी मेहनत करो और महान जीवन को प्राप्त करने के लिए हमेशा दृढ़–विश्वास रखो।"**

**–ए. पी. जे. अब्दुल कलाम**

**"कठिन समय में कायर बहाना ढूंढते हैं तो वहीं, बहादुर व्यक्ति रास्ता खोजते है।"**

**–सरदार पटेल**

F r i d a y

मधु प्रिया

# बैंकों का राष्ट्रीयकरण 19 जुलाई




भारत में पहली बार बैंकों का राष्ट्रीयकरण 19 जुलाई 1969 में हुआ जिसके अंदर 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया, दूसरा चरण 1980 में जब 6 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। आज ही के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण का अहम फैसला किया था। उन्होंने 19 जुलाई 1969 को 14 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया था। इन बैंकों पर अधिकतर बड़े औद्योगिक घरानों का कब्जा था। इसके बाद राष्ट्रीयकरण का दूसरा दौर 1980 में हुआ जिसके तहत सात और बैंकों को राष्ट्रीयकृत किया गया। पहले सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक ही राष्ट्रीयकृत था। इसका राष्ट्रीयकरण 1955 किया गया था। बैंकों के राष्ट्रीयकरण का उद्देश्य वाणिज्य बैंकों की कार्यप्रणाली पर देश की विकास निर्भर करती है। इसलिए सरकार ने 1969 में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। इसका उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं एवं सुविधाओं का विस्तार करना रहा है। जिससे किसानों और गरीबों तक बैंकों की पहुंच सुनिश्चित हो सके। ताकि पूंजीपतियों एवं साहूकारों पर कर्ज की निर्भरता कम हो सके। देश के आर्थिक विकास तेज करना दूसरा महत्वपूर्ण उद्देश्य था। बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले देश में आर्थिक विकास की गति धीमी थी। पूजी के अभाव में कल-कारखानों की स्थिति दयनीय थी। बेरोजगारी दूर करना प्रमुख उद्देश्य था। इससे शिक्षित बेरोजगारों को बैंकों के माध्यम से आर्थिक सहायता देकर स्वरोजगार और अन्य साधनों में वृद्धि किया जा सकता था। देश के कमजोर वर्गों को सहायता देना था। किसान, भूमिहीन मजदूर, शिक्षित बेरोजगारों, छोटे कामगारों को आर्थिक सहायता देकर आय में वृद्धि करना था। देश में बीमार उद्योगों को पुनर्जीवित करके नया लघु स्तरीय उद्योगों के नव निर्माण को बढ़ावा देना भी बैंकों के राष्ट्रीयकरण का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य था।

# जयंती विशेष 19 जुलाई

राकेश कुमार




**मंगल पांडे** अथवा **मंगल पान्डेय** *Mungal Pandey* अथवा *Mangal Pandey*, जन्म: 19 जुलाई, 1827; मृत्यु: 8 अप्रैल, 1857) का नाम 'भारतीय स्वाधीनता संग्राम' में अग्रणी योद्धाओं के रूप में लिया जाता है, जिनके द्वारा भड़काई गई क्रांति की ज्वाला से अंग्रेज़ ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन बुरी तरह हिल गया था। मंगल पांडे की शहादत ने भारत में पहली क्रांति के बीज बोए थे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 19.07.2024

## ज्ञान अर्जन कौशल

ज्ञान अर्जन एक या अधिक स्रोतों से ज्ञान को निकालने, संरचना करने और व्यवस्थित करने की प्रक्रिया है, और इसे ज्ञान आधार और कभी-कभी अनुमान इंजन में स्थानांतरित करना है। इस प्रक्रिया को कई शोधकर्ताओं और चिकित्सकों ने एक बड़ी अड़चन के रूप में पहचाना है। अर्जन वास्तव में संपूर्ण विकास प्रक्रिया के दौरान किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



इसरो ने **राम सेतु** का पहला नक्शा तैयार किया है। इसके लिए इसरो ने नासा के **ICESat-2 सैटेलाइट** की मदद ली है, जिसकी मदद से समुद्र के नीचे का भी **मानचित्र** तैयार किया गया है।

# TOB बूझो तो जानें. .



442

काला घोडा सफ़ेद की सवारी, एक उतरा तो दूसरे की बारी ... बुझो तो जानें ?






संजय कुमार





FOOTBALL

## अर्जेंटीना ने 16वीं बार कोपा अमेरिका कप जीता: फाइनल में कोलंबिया को 1-0 से हराया; 112वें मिनट में लौटारो मार्टिनेज ने किया गोल



## कोपा अमेरिका कप जीतने वाली टीम




| टीम | खिताब |
|---|---|
| अर्जेंटीना | 16 |
| उरुग्वे | 15 |
| ब्राजील | 9 |
| पराग्वे | 1 |
| चिली | 1 |
| पेरू | 1 |
| कोलंबिया | 1 |
| बोलीविया | 1 |

**कोपा अमेरिका** (*Copa América*) दक्षिण अमेरिका की राष्ट्रीय टीमों के बीच आयोजित होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता है। यह सबसे पुरानी महाद्वीपीय फुटबॉल प्रतियोगिता है। ये दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली प्रतियोगिता है।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।



# जयंत विष्णु नार्लीकर

**19 जुलाई 1938**

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मंगल पांडे
की जयंती पर सादर नमन।
जन्म-19 जुलाई 1827 - मृत्यु- 8 अप्रैल 1857
Madhu priya
/teachersofbihar

**जयंती विशेष**

**19 जुलाई 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सत्य का मार्ग ही जीवन की

सफलता का मार्ग है।



**मंगल पांडे**

**( क्रांतिकारी )**

**जन्म: 19 जुलाई 1827 मृत्यु: 08 अप्रैल 1857**

राकेश कुमार